एनडी/गेल/सेक्ट/2016 सितम्बर 7, 2016

लिस्टिंग विभाग
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
मंजिल 1, पी.जे.टॉवर, दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400 001

प्रिय महोदय,

"वित्त वर्ष 2016-17 की प्रथम तिमाही हेतु गेल का कर पश्चात लाभ वर्ष आधार पर 244% बढ़ा" इससे संबंधित प्रेस विज्ञप्ति यहां इसके साथ संलग्न है।

उपर्युक्त आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

1. लिस्टिंग विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400 051

2. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
   टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

वित्त वर्ष 2016-17 की प्रथम तिमाही हेतु गेल का कर पश्चात लाभ वर्षानुसार आधार पर 244% बढ़ा कर पूर्व लाभ 180% बढ़कर 1,686 करोड़ रुपए; सकल मार्जिन 95% बढ़कर 2,199 करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली, 7 सितंबर, 2016 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2016-17 की प्रथम तिमाही में कर पश्चात लाभ (पीएटी) में 244% की वृद्धि दर्ज की जोकि कंपनी के पेट्रोकेमिकल कारोबार वृद्धि तथा महानगर गैस लिमिटेड में आंशिक स्टेक की बिक्री के कारण हुई। कंपनी का कर पूर्व लाभ पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 388 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,335 करोड़ रुपए हो गया। गेल का कर पश्चात लाभ में, महानगर गैस लिमिटेड के आंशिक स्टेक बिक्री से प्राप्त 846 करोड़ रुपए से अलग 118% की वृद्धि दर्ज हुई।

गेल का प्रथम तिमाही में कर पूर्व लाभ (पीबीटी) पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 602 करोड़ रुपए से 180% कढ़कर 1,686 करोड़ रुपए हो गया।

वित्त वर्ष 2016-17 की प्रथम तिमाही में गेल का कर पश्चात लाभ पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 2015-16 की चतुर्थ तिमाही) के 785 करोड़ रुपए से 70% बढ़कर 1,335 करोड़ रुपए हो गया।

तिमाही के दौरान गेल के पेट्रोकेमिकल कारोबार में चतुर्दिक सुधार दर्ज हुआ और उत्पादन तथा बिक्री में क्रमश: 149% तथा 121% की वृद्धि पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में दर्ज की गई। इसके परिणामस्वरूप खंड में राजस्व की वृद्धि 95% होकर 1,133 करोड़ रुपए हो गई तथा पिछले वर्ष की इसी तिमाही में हुई 397 करोड़ रुपए की हानि के मुकाबले में 9 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज हुआ। वर्ष 2016-17 की प्रथम तिमाही में निवल लाभ में वृद्धि का कारण प्राकृतिक गैस की बिक्री और ट्रांसमिशन की मात्रा भी रही जोकि क्रमश: 15% एवं 10% थी।